>

Title: Request the government to make proper arrangements at Manihari Ghat and Kadhagola Ghat and their beautification in Bihar.

श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (**कटिहार**): धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय । मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत कटिहार जिले के मनिहारी घाट और काढ़ागोला घाट, जहां माघी पूर्णिमा में बड़ा मेला लगता है, लोग गंगा स्नान करने आते हैं । उसी तरह से, श्रावणी मेला और छठ पूजा में लाखों की संख्या में लोग वहां गंगा स्नान करने के लिए आते हैं, लेकिन उन घाटों की स्थिति बहुत ही खतरनाक है और उसी स्थिति में वहां लोगों को स्नान करना पड़ता है । मैं मांग करता हूं कि सरकार उन घाटों का निर्माण कराए, उन घाटों का सौन्दर्यीकरण हो । दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि गंगा मोक्षदायिनी है, इसीलिए हजारों की संख्या में लोग वहां अपने मृतकों का अंतिम संस्कार करने के लिए लाते हैं । इसलिए मेरी मांग है कि भारत सरकार उन दोनो घाटों – मनिहारी घाट और काढ़ागोला घाट पर शवदाह गृह निर्माण, घाटों का निर्माण और सौन्दर्यीकरण कराए । आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए आभारी हूं ।